# सुंदरगढ़ में नकली शराब बाटलिंग कारोबार का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार



Publish Date:Fri, 18 Dec 2020 10:01 PM (IST)Author: **Jagran**

*सुंदरगढ़ आबकारी विभाग को नकली शराब पर काबू पाने में भारी सफलता मिली।*

जागरण संवाददाता, राउरकेला : सुंदरगढ़ आबकारी विभाग को नकली शराब पर काबू पाने में भारी सफलता मिली। सदर क्षेत्र के खुंटगांव व पातकिजोर गांव में छापेमारी कर आबकारी विभाग ने दो लोगों को गिरफ्तार किया जो नकली शराब बनाकर बेचने का धंधा कर रहे थे। इनके पास से बड़ी मात्रा में नकली शराब व बाटलिंग सामग्री जब्त की गई है।

आबकारी विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि सदर क्षेत्र में नकली शराब की बाटलिंग की जा रही है। इसी आधार पर जिला आबकारी अधीक्षक नलिनी कुमार बेहरा ने मामले की जांच के लिए सदर निरीक्षक सत्यजीत खटुआ के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। यह टीम शुक्रवार को सुबह खुंटगांव निवासी अजित ओराम के घर छापेमारी कर वहां से बड़ी मात्रा में पड़ोसी राज्यों से लाई गई सस्ती शराब, महंगी शराब की खाली बोतलें, नकली सील व ढक्कन आदि बरामद किया। साथ ही पातकिजोर गांव में छापेमारी कर बिहार निवासी पंकज कुमार के पास से भी इसी प्रकार की सामग्री जब्त की गई। दोनों आरोपित महंगी शराब की बोतलों में सस्ती शराब भर नकली सील व ढक्कन लगाकर उसे बेचने का धंधा चला रहे थे। नकली सील व ढक्कन कोलकाता से लाते थे। इनके पास से सस्ती शराब की 70 बोतल, दो हजार आठ सौ खाली बोतल, दो हजार से अधिक ढक्कन व सील बरामद किया। दोनों आरोतिपों को आबकारी टीम ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनकी शराब बेचने वाले बंधपाली निवासी चौधरी मुंडा को भी गिरफ्तार कर उसके पास एक फ्रिज व बडी मात्रा में शराब जब्त की गई है। छापेमारी टीम में निरीक्षक खटुआ के साथ मोबाइल निरीक्षक सोमनाथ बाघ, उप-निरीक्षक पूर्ण चंद्र बेहरा व हीरा दलपति शामिल थे।

Source: https://www.jagran.com/odisha/rourkela-fake-liquor-bottling-accused-arrested-large-quantity-of-fake-liquor-and-bottling-materials-seized-21180177.html